<u>मूल हिंदी</u>

**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं0 1339**
**27 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए**
**एससीएम के अंतर्गत लंबित परियोजनाएं**

**1339. श्री राजन बाबूराव विचारे:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत महाराष्ट्र विशेषकर ठाणे जिले में कितनी परियोजनाएं लंबित हैं;

(ख) उक्त कार्यों के पूरा होने की अनुमानित तिथि क्या है और तत्संबंधित ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान एससीएम के अंतर्गत महाराष्ट्र को वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क) से (ग) : भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) को शुरू किया। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 दौर के माध्यम से 100 स्मार्ट सिटीज का चयन किया गया है। 8 शहरों यानी औरंगाबाद, कल्याण-डोंबिवली, नागपुर, नासिक, पिंपरी-चिंचवाड़, पुणे, सोलापुर और ठाणे को महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी के रूप में विकास के लिए चुना गया है।

7 जुलाई 2023 तक, महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी द्वारा कार्यान्वित की जा रही 318 परियोजनाओं में से; 245 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 73 परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। ठाणे स्मार्ट सिटी 52 परियोजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है; जिनमें से 41 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 11 परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। एससीएम के कार्यान्वयन की अवधि जून 2024 तक बढ़ा दी गई है और महाराष्ट्र सहित सभी स्मार्ट शहरों से निर्धारित समय के भीतर अपनी परियोजनाओं को पूरा करने की अपेक्षा की जाती है।

20 जुलाई 2023 तक, महाराष्ट्र में 8 स्मार्ट शहरों के लिए 6,226.15 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जिनमें से 5,756.55 करोड़ रुपये (92%) का उपयोग किया जा चुका है। महाराष्ट्र में स्मार्ट शहरों के लिए जारी निधि का वर्षवार ब्यौरा निम्नलिखित है:-

(राशि करोड़ रुपये में)

| 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | कुल । |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16.00 | 1,379.00 | 1,152.00 | 499.02 | 296.15 | 528.61 | 1,104.68 | 1,204.63 | 12.07 | 6,226.15 |

**(स्रोत: एससीएम भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (जीएमआईएस), 20 जुलाई 2023 तक)**

*****